दिनांक 15 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बेदखली टीम ने दो जगहों पर की बेदखली कार्रवाई, बाबा दीप सिंह नगर में नाली व सड़क पर अवैध कब्जा को टीम ने हटाया

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन 02 वैशालीनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने घर के सामने सड़क पर कब्जा कर आवागमन को बाधित करने तथा नाली के उपर रेम्प बनाकर पानी निकासी बाधक करने की शिकायत पर दो अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही करते हुए तोड़फोड़ कर स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त ने शहर को अतिक्रमणमुक्त व स्वच्छ बनाए रखने के लिए बेदखली अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निगम द्वारा गठित बेदखली टीम को शहर से अवैध कब्जा हटाने के सख्त निर्देश दिए हैं। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अधिकारी व कर्मचारियों की टीम बनाई है जो ऐसे कार्य करने वालों पर कार्यवाही कर रही है। तीन दर्शन मंदिर के पीछे शास्त्री नगर वार्ड में उमा देवी पाटिल ने नाली पर शौचालय बना लिया था। इसे बेदखली दल , पुलिस बल व जोन 2 के कर्मचारियों की उपस्थिति में बेदखल किया गया और गेट का एक पल्ला जब्त कर कार्यालय लाया गया। वहीं लोगों की शिकायत थी कि जोन 2 अंतर्गत बाबा दीप सिंह नगर में राजेश्वरी जन बंधु ने भी नाली व सड़क पर अवैध कब्जा कर लिया है। बेदखली टीम ने नाली व सड़क पर से अवैध कब्जा को मुक्त कराया। इस कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी सहित बेदखली टीम के कर्मी शामिल थे।